दिनांकः 30.03.2024 समय : 01:00 पी.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर से

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज देश का सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार भारत रत्न प्रदान किये। राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह में पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह और पी.वी. नरसिम्हा राव, कृषि वैज्ञानिक एम.एस. स्वामीनाथन, बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर को मरणोपरांत भारत रत्न से सम्मानित किया गया है। अलंकरण समारोह में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। राष्ट्रपति कल पूर्व उपप्रधानमंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता लालकृष्ण आडवाणी को देश का शीर्ष नागरिक पुरस्कार प्रदान करेंगी।

....

लोकसभा चुनाव के पहले चरण के तहत प्रदेश की 12 लोकसभा सीटों के लिए नाम वापसी का आज आखिरी दिन है। नाम वापसी का समय समाप्त होने के बाद नामांकन प्रक्रिया पूरी हो जाएगी और प्रत्याशियों की स्थिति स्पष्ट होगी। दूसरे चरण के तहत राज्य की 13 सीटों पर नामांकन जारी है। कोटा से कांग्रेस प्रत्याशी प्रहलाद गुंजल सहित आज भी कई प्रत्याशियों के पर्चा दाखिल करने का कार्यक्रम है। इस चरण के लिए चार अप्रेल तक नामांकन भरे जा सकेंगे। पहले चरण के लिए 19 अप्रैल को और दूसरे चरण के लिए 26 अप्रैल को वोट डाले जाएंगे।

....

लोकसभा चुनाव को लेकर विभिन्न एन्फोर्समेंट एजेंसियों की ओर प्रदेश में लगातार कार्रवाई की जा रही हैं। डूंगरपुर में पुलिस ने एफएसटी ओर निर्वाचन विभाग की टीम के साथ मिलकर कार्रवाई की है। पुलिस ने एक कार से करीब 33 लाख रुपये से ज्यादा की नकदी, सोना और चांदी बरामद किया है।

वहीं भरतपुर पुलिस ने बयाना के चिटपुरा और डीग के कुरकेन तथा मानपुर गांव में अवैध शराब बनाने के कारखानों पर छापे की कार्रवाई की है। इस दौरान पुलिस ने करीब साढे तीन हजार लीटर से ज्यादा वॉश को नष्ट किया गया।

....

राजस्थान आज अपना 75वां स्थापना दिवस मना रहा है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बधाई देते हुए कहा है कि विकसित और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में राजस्थान की भूमिका अहम रहने वाली है। राज्यपाल कलराज मिश्र और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेशवासियों को स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दी हैं।

स्थापना दिवस के अवसर पर प्रदेशभर में कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। बूंदी में सुख महल में लोक कलाकारों द्वारा घूमर और कालबेलिया नृत्यों की प्रस्तुति दी गयी। करौली और भीलवाड़ा जिला मुख्यालयों पर कई सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इस अवसर पर सवाईमाधेपुर में जिला प्रशासन की ओर से निकाली गयी मतदाता जागरुकता रैली में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से मतदान का संदेश दिया गया।

हनुमानगढ़ में पर्यटन विभाग की ओर से आज शाम सेंट्रल पार्क में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित कर मतदाताओं को जागरुक किया जाएगा। जयपुर के जवाहर कला केन्द्र में आज सांस्कृतिक संध्या होगी। इसमें प्रदेश के कई अंचलों के कलाकार लोक गीतों के साथ लोक नृत्यों की प्रस्तुति देंगे। स्थापना दिवस के मौके पर प्रदेशभर के स्मारक और संग्रहालयों में पर्यटकों का प्रवेश निःशुल्क रखा गया है। यहां मेहमानों का तिलक लगाकर स्वागत किया जा रहा है।

....

राज्य में पिछले 24 घंटों में बीकानेर, कोटा और जयपुर संभाग में कहीं–कहीं हल्की बारिश हुई। इससे अधिकतम तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गयी है। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार सबसे ज्यादा 16 दशमलव 2 मिलीमीटर बारिश श्रीगंगानगर के

रायसिंहनगर में रिकॉर्ड की गयी। वहीं हनुमानगढ़ और धौलपुर में ओले गिरने के समाचार हैं। इस बीच, पिछले 24 घंटों में सबसे ज्यादा 41 दशमलव 5 डिग्री सेल्सियस तापमान कोटा में दर्ज किया गया। वहीं बारां के अंता में 40 दशमलव 9, करौली में 40 दशमलव 2, फलौदी में 39 दशमलव 7, धौलुपर में 39 दशमलव 3 बाड़मेर और फतेहपुर शेखावाटी में 39 डिग्री सेल्सियस तापमान रिकॉर्ड किया गया। विभाग ने आज श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़ और आसपास के क्षेत्रों में कहीं–कहीं हल्की बारिश की संभावना जतायी है। अगले सप्ताह तक राज्य में एक और नये पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने की उम्मीद है।

....

शाहपुरा जिला मुख्यालय स्थित रामस्नेही संप्रदाय की पीठ पर चल रहा फूलडोल मेला आज सम्पन्न होगा। मेले में रामस्नेही संप्रदाय से जुड़े लोग पहुंचे हैं। आज दोपहर बाद पीठाधीश्वर के चातुर्मास की भी घोषणा होगी।

....